

## एक नजर में

### मंदसौर की झील गुप्ता बनी सिविल जज, गुजरात में हासिल किया 11वां स्थान



**मंदसौर।** जिले के लिए गर्व की बात है कि मंदसौर निवासी सुश्री झील गुप्ता ने गुजरात प्रदेश में आयोजित सिविल जज परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। झील गुप्ता, जिला सहकारी बैंक मंदसौर शाखा के शाखा प्रबंधक राजेंद्र लक्ष्मीनारायण गुप्ता की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। अपनी सफलता पर झील गुप्ता ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने लंबे समय तक निरंतर मेहनत और लगन के साथ तैयारी की। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान कई चुनौतियां भी सामने आईं, लेकिन परिवार और शिक्षकों के सहयोग तथा आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने इन सभी कठिनाइयों को पार किया। झील गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवारजनों को दिया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और विषयों की गहराई से समझ विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया। छात्रों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि जो युवा सिविल जज बनने का सपना देखते हैं, उन्हें निरंतर मेहनत, धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भविष्य की योजनाओं को लेकर झील गुप्ता ने कहा कि जज के रूप में वे न्याय व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने तथा आम लोगों को शीघ्र और निष्पक्ष न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करना चाहती हैं। झील गुप्ता की इस उपलब्धि पर शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों, परिजनों और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पुण्य अवसर पर गौ-सेवा का पावन आयोजन



**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ, मंदसौर के तत्वाधान में आज दिनांक 10 मार्च 2026, मंगलवार को कृष्ण गौशाला (बस स्टैंड के पास) में एक अत्यंत पुण्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह पावन आयोजन श्रीमती अंगूरबाला पितलिया द्वारा अपने दामाद हार्दिक एवं सुपुत्री डॉ. आकांक्षा के विवाह उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें उन्होंने एक गौ माता को गोद लेकर उन्हें हरे घास का भोजन कराकर गौ-सेवा का श्रेष्ठ कार्य किया। यह सेवा भाव सभी के लिए करुणा, जीवदया और धर्म भावना का सुंदर संदेश देने वाला रहा। इस अवसर पर सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री श्रीमती सारिका बाकलीवाल का प्रेरणादायी उद्बोधन भी रहा, जिसमें उन्होंने गौ-सेवा के महत्व को बताते हुए ऐसे पुण्य कार्यों को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सभी पूर्व अध्यक्षगण, बीओडी सदस्यगण, मंत्री-सहमंत्री एवं समाज की अनेक गणमान्य महिलाएँ भी उपस्थित रहीं और अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सुंदर मंच संचालन शशि मारू द्वारा किया गया, वहीं अंत में किरण रावका जी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, सेवा भावना और धार्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला तथा उपस्थित सभी समाजजनों ने नवदम्पत्ति को शुभाशीष प्रदान किए। समस्त जानकारी प्रवक्ता अनिता धींग ने दी।

## गैस सिलेंडर आपूर्ति में बाधित से जनता परेशान : गुर्जर

**मंदसौर। जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा है कि बढ़ती महंगाई के बीच घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों और कई स्थानों पर आपूर्ति में आ रही अनियमितताओं के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है।**

उन्होंने कहा कि कई उपभोक्ताओं द्वारा गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर ऑनलाइन बुकिंग भी स्वीकार नहीं की जा रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। इससे स्पष्ट है कि गैस वितरण व्यवस्था में गंभीर खामियां हैं।

श्री गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि ने आम नागरिकों के घरेलू बजट को प्रभावित किया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए रसोई चलाना कठिन होता जा रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, वितरण व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए, ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली को सुचारू किया जाए तथा गैस सिलेंडरों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। श्री गुर्जर ने कहा कि यदि आम जनता की समस्याओं की अनदेखी जारी रही तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आवाज उठाने के लिए बाध्य होगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर के भैया कविश जैन का जिला स्तरीय प्रदर्शनी में चयन



**मंदसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र भैया कविश जैन ने भारत सरकार के प्रतिष्ठित नवाचार कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रदर्शन के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है द्य इस उपलब्धि के लिए उन्हें 10000 ऋह्य. की प्रोत्साहन राशि पर प्रदान की गई है। भैया कविश जैन द्वारा तैयार किया गया प्रोजेक्ट Smart Gloves का कोमा पेशेंट जिसकी सहायता से कोमा या दिव्यांग मरीज अपनी उंगलियों की हल्की हरकतों के माध्यम से संवाद कम्युनिकेट कर सकते हैं द्य यह प्रोजेक्ट जिला स्तरीय प्रदर्शनी डिस्ट्रिक्ट लेवल एग्जीबिशन के लिए चयनित हुआ है । भैया की इस उपलब्धि पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान की समिति के पदाधिकारी व आचार्य परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## सीएमओ सुमन ने सफाई दरोगाओं की बैठक ली



**मंदसौर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी को लेकर कल नपा सभागृह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने सफाई दरोगाओ की बैठक ली। बैठक में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा एवं सभी 40 वार्डो के सफाई दरोगागण भी उपस्थीत थे।**

बैठक मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमन ने कहा की सभी सफाई दरोगा अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहे। प्रात:काल एवं दोपहर की पाली में दोनो समय कर्मचारियों की उपस्थिती अपने कर्तव्य स्थल पर रहना चाहिए। सफाई कार्य के प्रति सभी कर्मचारी मुस्तेदी से कार्य करें, यदि कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं या कार्य में लापरवाही करते हैं तो उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही करें। सफाई दरोगा पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बिठाकर वार्ड का प्रतिदिन भ्रमण करें और सफाई कार्य करायें। आगामी समय की स्वच्छता सर्वेक्षण होगा उसमें नपा को अच्छी रैंकिंग मिले इसके लिए कर्मचारी मुस्तेदी से अपने कार्य में लग जाऐ। जहां भी गंदगी दिखे उसे साफ कराए, यदि नागरिकों को समझाईश देने की जरूरत पड़े तो उनसे चर्चा करें लेकिन सफाई का कार्य सुनिश्चित होना चाहिए ।

नगर पालिका जहॉ भी आवश्यक होगा वहां रात्रि कालीन सफाई करायगी और कर्मचारियों को जो भी ससांधन देने जरूरी होगे वे समय पर उपलब्ध हों जाएगे इसलिए संसाधन की चिंता न करें। किसी भी हाल में सफाई के कार्य में लापरवाही नही रहना चाहिए। सभी 40 वार्डों के दरोंगा स्वच्छ सर्वेक्षण की महत्वपूर्ण इकाई है हमें पूरी मुस्तेदी से कार्य कर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की परिषद को पूरे प्रदेश में स्वच्छता सम्मान मिले ऐसा कार्य करना है।

**एक नजर** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मंदसौर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

## विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा, विद्यार्थियों को नवाचार के लिए किया प्रेरित

**मंदसौर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मंदसौर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फॉरेंसिक साइंस विभाग और कृषि विज्ञान विभाग द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर, डीन एकेडमिक अफेयर्स, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट, विभिन्न विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कृषि संकाय के निदेशक डॉ. दिनेश बी. त्यागी ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को भारतीय वैज्ञानिक सर सी. वी. रमन द्वारा वर्ष 1928 में खोजे गए 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाया जाता है। इस खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की प्रेरक शक्ति' का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने कहा कि विज्ञान और नवाचार विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर सामाजिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी और शोध की संस्कृति ही



विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. (डॉ.) सदानंदा प्रुस्ती ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन और राष्ट्रीय विकास में विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संस्थान के इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचार आधारित परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. (डॉ.) अरुणावा दास ने कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के लिए प्राप्त अनुदान संस्थान में शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का प्रतीक है।

कार्यक्रम में शासकीय पी.जी. कॉलेज (कन्या) मंदसौर की सहायक प्राध्यापक खुशबू मांडवार ने विशेषज्ञ व्याख्यान देते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सर सी. वी. रमन के जीवन व शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्हें शॉल और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र वर्मा ने 'इम्यूनोलॉजी और वैक्सीनेशन' विषय पर व्याख्यान देते हुए मानव प्रतिरक्षा तंत्र और टीकाकरण के महत्व को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के दौरान फॉरेंसिक साइंस विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। साथ ही 'ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए विज्ञान : युवाओं को प्रेरित करना, जीवन को बदलना' विषय पर पोस्टर मेकिंग और ओपन माइक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

अंत में फॉरेंसिक साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. रवशीष कौर कोहली ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# नीमच

## एक नजर में

### पारा 36 डिग्री पार, शुष्क मौसम और तेज धूप से बढ़ा तापमान



**नीमच।** जिले में मार्च के महीने में ही गर्मी का प्रकोप तेज हो गया है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह से तापमान में हो रही निरंतर वृद्धि के कारण दिन के साथ-साथ अब रातों के तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। तपती धूप और बढ़ती तपिश के कारण दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। नीमच शहर सहित मनासा, रामपुरा, कुकड़ेश्वर, जावद और सिंगोली क्षेत्रों में लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में अब केवल सुबह और शाम के समय ही चहल-पहल देखी जा रही है। बढ़ती गर्मी से बचने के लिए नागरिक विभिन्न सुरक्षा उपाय अपना रहे हैं। दुपहिया वाहन चालक चेहरों पर रुमाल और गमछा बांधकर निकल रहे हैं, वहीं महिलाएं स्कार्फ का उपयोग कर रही हैं। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए बाजारों में गन्ने का रस, छाछ, लस्सी और अन्य शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। मौसम केंद्र के अनुसार, अगले तीन-चार दिनों तक आसमान साफ और मौसम शुष्क बना रहेगा, जिससे धूप का प्रभाव और अधिक तेज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने फिलहाल बारिश की संभावना से इनकार करते हुए आगामी दिनों में हल्की आंधी चलने और तापमान का ग्राफ और ऊपर जाने का अनुमान जताया है।

### अग्रवाल समाज नीमच के चुनाव 26 अप्रैल को

**नीमच।** अग्रवाल समाज नीमच की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार 9 मार्च को रात्रि 8:00 बजे अग्रवाल पंचायत भवन बारादरी पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश जी बंसल (स्वतंत्र) की अध्यक्षता में आहूत की गई ल बैठक में अग्रवाल समाज नीमच छावनी की जनगणना की पुस्तक का विमोचन 29 मार्च को करने तथा अग्रवाल समाज के चुनाव 26 अप्रैल को कराए जाने का निर्णय लेते हुए समाज हित में अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया । बैठक की जानकारी देते हुए अग्रवाल समाज नीमच के सचिव श्री अशोक मंगल ने बताया कि 9 मार्च सोमवार को अग्रवाल पंचायत भवन बारादरी में संपन्न हुई अग्रवाल समाज नीमच की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव 26 अप्रैल को चुनाव अधिकारी श्री डी सी मित्तल के नेतृत्व में कराए जाने तथा अग्रवाल समाज नीमच द्वारा छावनी नीमच व नीमच सिटी में निवासरत अग्रवाल परिवारों की कराई गई जनगणना की पुस्तक का विमोचन समारोह 29 मार्च को आयोजित करने का निर्णय लिया गया द्य श्री मंगल ने बताया कि बैठक में समाज हित के अनेक मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए द्य श्री मंगल ने बताया कि अग्रवाल समाज की मतदाता सूची में जिसको भी अपना नाम चेक करना हो वह अग्रवाल समाज के सचिव श्री अशोक मंगल व जेके प्रोविजन के यहां जाकर चेक कर सकते हैं और नए नाम जुड़वा सकते हैं।

### 13 मार्च को नीमच शहर में जल वितरण नहीं होगा

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के जलप्रदाय शाखा के केमिस्ट सुरेश पवार ने एक प्रेस नोट में बताया कि हिंगोरिया फिल्टर प्लांट को दिनांक 13/03/2026 को बंद रख कर साफ सफाई का कार्य किया जाएगा, इस कारण से दिनांक 13 मार्च शुक्रवार को संपूर्ण नीमच शहर में जल वितरण नहीं किया जाएगा। इस कारण दिनांक 13/03/2026 को दी जाने वाली सप्लाई 14/03/2026 को दी जाएगी और 14/03/2026 को दी जाने वाली सप्लाई 15/03/2026 को दी जाएगी, इसी क्रम में सप्लाई एक दिन आगे बढ़ाई जाती है।

## महिला से चेन लूटने वाले अंतरराज्यीय बदमाश गिरफ्तार

- **पुलिस ने 250 सीसीटीवी खंगाले, जंगल से पकड़ा; दो तोले सोने की चेन-बाइक बरामद**





**नीमच।** पुलिस ने 17 फरवरी को जवाहर नगर में हुई दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग की वारदात का बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने राजस्थान के कोटा निवासी दो शातिर बदमाशों, पुष्पेंद्र शर्मा और दीपक मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई दो तोले सोने की चेन और बाइक बरामद की गई है।

**शादी से लौट रही महिला के साथ वारदात**-घटना 17 फरवरी की दोपहर की है, जब जवाहर नगर निवासी एक महिला निरोगधाम में आयोजित विवाह समारोह से लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने महिला को रोककर उनके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए थे।

एसपी अंकित जायसवाल के निर्देश पर केंट पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने मामले की जांच शुरू की थी।

**जेल में हुई थी आरोपियों की दोस्ती**-पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी पुष्पेंद्र शर्मा का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और उस पर हत्या के प्रयास व एनडीपीएस सहित 15 गंभीर मामले दर्ज हैं। दूसरे आरोपी दीपक मीणा पर भी कोटा और टोंक में 4 प्रकरण दर्ज हैं।

दोनों आरोपियों की जान-पहचान जेल में हुई थी और वे अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए लूट की वारदातों को अंजाम देते थे।

**250 कैमरों के फुटेज खंगाले**

पुलिस टीम ने वारदात के बाद करीब 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। 7 मार्च को बदमाश दोबारा नीमच में वारदात की फिराक में आए थे, लेकिन पुलिस की घेराबंदी देख रामपुरा के जंगलों की ओर भाग निकले। पुलिस ने गांधीसागर और बैसला के घने जंगलों में सर्च अभियान चलाकर पहले पुष्पेंद्र और बाद में घेराबंदी कर दीपक को कोटा से दबोचा।

**अन्य वारदातों की पूछताछ जारी**

एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस को संदेह है कि इन बदमाशों ने क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी लूट की वारदातों को अंजाम दिया होगा। फिलहाल बरामद आभूषणों और वाहन की वैधानिक जब्ती की जा चुकी है।



## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पर हफ्ता वसूली का आरोप

- **ठेला चालक ने कहा- धमकाया, 3000 रु महीना दे, वरना दुकान हटा', थाने में की शिकायत**

**नीमच।** शहर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और पार्षद पति मोनू लोक्स पर एक ठेला चलाने वाले युवक से 'हफ्ता' वसूली और उसे परेशान करने के आरोप लगे हैं। मंगलवार को पीड़ित स्वप्निल गट्टानी ने कैंट थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। स्वप्निल गट्टानी का कहना है कि मोनू लोक्स पिछले चार महीने से उनसे हर महीने 3,000 रुपए 'गुंडा टैक्स' मांग रहे थे। स्वप्निल का यह ठेला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के ठीक बाहर लगता है।

पीड़ित के अनुसार, विवाद 6 मार्च की शाम को तब बढ़ा जब मोनू लोक्स अपने बेटे के साथ दुकान पर पहुंचे और ग्राहकों के सामने गाली-गलौज की। आरोप है कि उन्होंने दबंगई दिखाते हुए कहा कि 'नगर पालिका की यह जमीन हमारी है, यहां वही खड़ा होगा जिसे हम चाहेंगे।' जब स्वप्निल ने विरोध किया, तो आरोपी ने दुकान की बिजली का कनेक्शन काट दिया और तार भी उखाड़ ले गए।

**परिवार की मजबूरी और ऑडियो**-स्वप्निल ने बताया कि उनकी मां कैंसर से पीड़ित हैं और घर का खर्च इसी छोटी सी दुकान से चलता है। आरोप है कि पैसे न देने पर मोनू लोक्स ने नगर पालिका कर्मचारियों से साठगांठ कर दुकान की रसीद में नाम तक बदलवा दिया ताकि उन्हें वहां से हटाया जा सके। पीड़ित ने पुलिस को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी दी है, जिसमें रुपयों की मांग की बात कही जा रही है।

**एक नजर** भोपाल मिसरोद विवाद से भड़का नीमच पाटीदार समाज

## पुलिस कार्रवाई को बताया एकपक्षीय, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** भोपाल के मिसरोद क्षेत्र में साध्वी रंजना जी और स्थानीय लोगों के बीच हुए विवाद के बाद दर्ज प्रकरण को लेकर अब मामला नीमच तक पहुंच गया है। पाटीदार समाज संगठन जिला नीमच और सरदार पटेल युवा संगठन ने पुलिस की कार्रवाई को एकपक्षीय बताते हुए इसके विरोध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पाटीदार समाज संगठन जिला नीमच और सरदार पटेल युवा संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:30 बजे मिसरोद मुख्य मार्ग स्थित शासकीय स्कूल के पास वाहन निकलने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई थी। उनका कहना है कि यह मार्ग काफी संकरा है, जहां एक समय में केवल एक चार पहिया वाहन ही निकल सकता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती है।

ज्ञापन में बताया गया कि उस दिन साध्वी रंजना जी का वाहन कथित रूप से गलत दिशा में खड़ा था, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया। इसी दौरान एक अन्य वाहन चालक से वाहन पीछे लेने को लेकर कहासुनी हो गई और



देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इस दौरान साध्वी रंजना जी और एक सामाजिक बंधु के बीच बहस बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी के बीच वाहन के कांच टूटने जैसी घटना भी हो गई।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि विवाद की शुरुआत उनकी ओर से नहीं की गई थी। इसके बावजूद समाज के लोग थाने पहुंचकर माफी मांगने और आपसी समझौते के लिए भी तैयार थे। पुलिस ने भी प्रारंभ में बातचीत से मामला सुलझाने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में साध्वी के समर्थकों के दबाव में आकर चार लोगों के खिलाफ नामजद सहित अन्य लोगों पर गंभीर और गैरजमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस ने समाज के पक्ष की ओर से न तो एफआईआर दर्ज की और न ही मेडिकल जांच करवाई। साथ ही समाज के लोगों के घर जाकर पुलिस द्वारा उन्हें और उनके परिवारजनों को परेशान करने की शिकायत भी की गई है। पाटीदार समाज ने ज्ञापन में मांग की है कि उनके समाज के बंधुओं पर दर्ज कथित झूठे प्रकरण समाप्त किए जाएं, उनके पक्ष की एफआईआर दर्ज की जाए तथा पूरे मामले की जांच किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी से कराई जाए। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने तक किसी अन्य व्यक्ति का नाम प्रकरण में नहीं जोड़ा जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि पाटीदार समाज हमेशा साधु-संतों का सम्मान करता है और उनका अपमान करना कभी भी समाज का उद्देश्य नहीं रहा है।